दैनिक
नईदुनिया
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

आज का मौसम

भोपाल	↑ 22.8°	↓ 7.9°
इंदौर	↑ 24.6°	↓ 11.0°
ग्वालियर	↑ 14.8°	↓ 2.6°
जबलपुर	↑ 21.8°	↓ 4.4°

सूर्योदय- 7.03 सूर्यास्त-5.50

चेतन शर्मा फिर बने मुख्य..... 11

वर्ष- 76 (भोपाल: वर्ष 38 अंक 39, पृष्ठ 12) रविवार 8 जनवरी 2023 राजधानी संस्करण. कीमत: रु.3:00 www:naiduniaonline.com

इंदौर में पीबीडी दिवस सम्मेलन आज से

प्रधानमंत्री कल सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन, राष्ट्रपति 10 को करेंगी समापन

भोपाल (कप्र)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर में हो रहे 17वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन का 9 जनवरी को शुभारंभ करेंगे और राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु समापन करेंगी। पीबीडी में विश्व में रह रहे हजारों प्रवासी भारतीय शामिल होंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन 8 से 10 जनवरी तक होगा।

पीबीडी सम्मेलन में संपूर्ण विश्व के प्रवासी भारतीय विभिन्न विषय पर चर्चा करेंगे। प्रवासी भारतीयों को देश और प्रदेश की उपलब्धिओं और क्षमताओं से रू-ब-रू कराया जायेगा। सांस्कृतिक गतिविधियाँ होगी। राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु के कर-कमलों से तीन दिवसीय सम्मेलन के समापन पर प्रवासी भारतीयों का सम्मान होगा।

प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के प्रथम दिवस 8 जनवरी को युवा प्रवासी भारतीय दिवस पर गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी तथा ऑस्ट्रेलिया की संसद सदस्य सुश्री ज़ेनेटा मैस्करेनहास शामिल होंगी। पीबीडी में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के मंत्री शामिल होंगे।

पीबीडी सम्मेलन के प्रथम दिन युवा प्रवासी भारतीय दिवस के कार्यक्रम होंगे, जिसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन, सचिव (सीपीवी, ओआईए) विदेश मंत्रालय डॉ. औसाफ सईद का स्वागत भाषण, केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का उद्बोधन, गेस्ट ऑफ ऑनर सुश्री ज़ेनेटा मैस्करेनहास संसद सदस्य ऑस्ट्रेलिया का विशेष संबोधन होगा। केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर संबोधित करेंगे। सचिव युवा मामले और खेल सुश्री मीता राजीवलोचन आभार व्यक्त करेंगी।

पहले दिन केन्द्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में प्लेनरी सेशन में नवाचारों और नई प्रौद्योगिकी में प्रवासी युवाओं की भूमिका पर चर्चा होगी। इसके बाद प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से संबंधित 3 सेक्टर्स, टेक्सटाईल एण्ड गारमेंट्स, वीविंग द ग्रोथ स्टोरी ऑफ एमपी, सूचना प्रौद्योगिकी और संबद्ध सेक्टर में मध्यप्रदेश में होने वाले परिवर्तनों की कहानियाँ, हेल्थ केयर एण्ड फार्मास्यूटिकल्स इन्वेस्टमेंट, रिशेपिंग द ग्लोबल हेल्थ वेल्यू चेन पर सत्र होंगे। इसके बाद 3 महत्वपूर्ण सत्र में इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश- द फूड बास्केट, स्टार्टअप ईको सिस्टम-अनलीशिंग द एन्ट्रेप्रेन्योरियल स्ट्रेंथ ऑफमध्यप्रदेश एवं टूरिज्म अपॉचुर्ज़निटी इन द हॉर्ट ऑफ इन्क्रेडिबल इण्डिया, विषय पर महत्वपूर्ण चर्चा होंगी। शाम को मध्यप्रदेश की अनूठी सांस्कृतिक विशेषताओं पर आधारित सांस्कृतिक सम्मेलन होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर स्वागत उद्बोधन देंगे। मुख्यमंत्री चौहान, विशिष्ट अतिथि सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी और मुख्य अतिथि गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद इरफान अली का उद्बोधन होगा। मंचासीन अतिथियों द्वारा विशेष डाक टिकिट सुरक्षित जायें, प्रशिक्षित जायेंज्ज् जारी किया जायेगा। इसके बाद प्रधानमंत्री सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

इसके बाद भारतीय प्रवासी दिवस प्रदशज़्नी आजादी का अमृत महोत्सव- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी भारतियों का योगदान का उद्घाटन होगा। गुयाना के साथ समझौता ज्ञापन एवं समझौतों का आदान-प्रदान होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सूरीनाम के राष्ट्रपति चन्द्रिका प्रसाद संतोखी के साथ बैठक (शेष पेज 2 पर)

मुख्यमंत्री ने किया यूथ गेम्स की मशाल मैस्कट का अनावरण एवं थीम सॉन्ग लॉन्च

खेलो इंडिया यूथ गेम्स से प्रदेश में बना खेलमय वातावरण : चौहान

भोपाल (काप्र) ।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि जनवरी मध्यप्रदेश के लिए गोल्डन माह है। इस माह हो रहे कई कार्यक्रम से मध्यप्रदेश उत्साह और उमंग से भरा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स से प्रदेश में खेलमय वातावरण बना है। वास्तव में खेल जिंदगी है और जिंदगी भी एक खेल है। मैं खिलाड़ियों से आहवान करता हूँ कि खूब प?ो और खेलो भी। खेलों के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

श्री चौहान शौर्य स्मारक में यूथ गेम्स 2022 की मशाल, मैस्कट का अनावरण एवं थीम सॉन्ग लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक, खेल मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव और लोक स्वास्थ्य राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह यादव उपस्थित थे। श्री चौहान ने रिमोट का बटन दबा कर खेलो इंडिया यूथ गेम्स के थीम सांग को लॉच किया। उन्होंने मशाल (स्मार्ट टॉर्च) को भी रवाना किया। आकाश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का संदेश देने के लिए लेजर प्रदर्शन से वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया।

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल को खेलों का हब बनाया जाएगा। उन्होंने मध्यप्रदेश में खेलो इंडिया यूथ गेम्स आयोजित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा कि जो खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय और ओलम्पिक खेलों में जीत कर आएगा राज्य सरकार की ओर से उसे 5 लाख रूपए प्रशिक्षण के लिए दिए जाएंगे। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे डीएसपी और डिप्टी कलेक्टर (शेष पेज 2 पर)

सूर्यकुमार ने ठोका टी-20 में तूफानी शतक

राजकोट में श्रीलंका के खिलाफ भारितीय बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 45 गेंदों में शतक जमाया । उन्होंने 112 रनों की पारी 91 गेंदों में खेलते हुए 7 चौके और 9 छक्के जमाए । **(विस्तृत समाचार खेल पेज पर)**

झारखंड में है लुटेरों-दलालों की सरकार; शाह

चाईबासा (एजेंसी)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2024 के लोकसभा और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड के चाईबासा से भाजपा के अभियान का आगाज कर दिया।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि हेमंत सोरेन ने झारखंड की पूरी सरकार लुटेरों और दलालों के हाथों में दे दी। अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के दूसरे दिन शाह ने चाईबासा के टाटा कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि झारखंड में इस समय भ्रष्टाचार चरम पर है। हेमंत सोरेन ने तो राज्य की पूरी सरकार लुटेरों और दलालों के हाथों में सौंप दी है। झारखंड में खनन घोटाले समेत विभिन्न मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में मुख्यमंत्री से जुड़े लोगों के खिलाफ मिले भ्रष्टाचार के सबूतों की तरफ इशारा करते हुए अमित शाह ने कहा कि हेमंत भाई आपकी सरकार ने क्या काम किए हैं भ्रष्टाचार के सिवा कुछ नहीं।

वास्तव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में एक ऐसी सरकार आई, जिसने झारखंड को तबाह करके रख दिया। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार को आदिवासियों की वास्तविक हितैषी बताया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए बजट राशि कांग्रेस की सरकारों के समय की अंतिम बजट राशि 21 हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 86 हजार करोड़ रुपये कर दी है। शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन की आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच भेद पैदा करने की राजनीति सफल नहीं होगी।

हावड़ा से दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, आईएसआईएस से संबंध का आरोप

हावड़ा (एजेंसी)।

पश्चिम बंगाल के हावड़ा से कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर खूंखार आतंकी संगठन आईएस आईएस से संबंध होने का आरोप है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक एम.टेक का छात्र बताया जा रहा है। गिरफ्तार लोगों के पास से कई संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुए हैं। एसटीएफ का दावा है कि आरोपी जिहादी गतिविधियों में शामिल हैं और सोशल मीडिया के जरिए युवाओं का ब्रेनवॉश करते थे। दोनों आरोपियो को 19 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

नौगांव की रात सबसे सर्द, तापमान 0.5 डिग्री

भोपाल (कप्र)।

मध्यप्रदेश में शुक्रवार रात नौगांव (छतरपुर) की सबसे सर्द रही। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री चला गया। डिंडौरी में छतों और गाड़ियों पर ओस जम गई। खजुराहो में 1.6, उमरिया में 1.7, ग्वालियर और मलाजखंड में 2.5, गुना और दमोह में 3 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। रीवा में 4, सीधी में 4.4, सागर में 5 डिग्री तापमान के साथ यहां की रातें भी कड़ाके की ठंड की जकड़ में रहीं। भोपाल में रात का तापमान 8 तो इंदौर में 11 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

इस सीजन में नवंबर और दिसंबर के 61 दिन पर जनवरी के शुरुआती 7 दिन भारी पड़ गए। भोपाल में जनवरी के पहले हफ्ते के दिन 17 साल में सबसे ठंडे रहे हैं। यहां औसत अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री रहा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के मुताबिक, भोपाल में 2006 से लेकर अब तक जनवरी की शुरुआत में दिन इतने ठंडे नहीं रहे। इसके पहले 2011 में दिन का औसत तापमान 20. 2 डिग्री रहा था। भोपाल में शुक्रवार को दिन में 22.8 डिग्री तापमान रहा, ये गुरुवार के मुकाबले 3 डिग्री %यादा है। जबकि रात में ये 7.3 डिग्री था। मौसम वैज्ञानिक, अशफाक हुसैन ने बताया कि रविवार से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इससे दो दिन तक तापमान सामान्य बना रहेगा। 24 घंटे के बाद तापमान दो से तीन डिग्री बढ़ सकता है। 10 जनवरी से एक और सिस्टम बनेगा। इससे 13 जनवरी को उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बारिश के आसार हैं।

इसके कारण 14 जनवरी से मध्यप्रदेश के कई जिलों में तापमान में गिरावट आएगी। यानी ठंड फिर जोर पकड़ लेगी। 72 घंटे में रात के तापमान में सिर्फ 0.1 डिग्री का अंतर आया। पारा 7.3 और 7.4 डिग्री के बीच बना रहा। लगातार तीन दिन तक दिन में पारा 20 डिग्री तक भी नहीं पहुंच सका। इस बार संक्राति 14 और 15 जनवरी दो दिन रहेगी।

सीएम धामी ने जोशीमठ प्रभावितों से की बात, स्थिति का लिया जायजा

चमोली/जोशीमठ (एजेंसी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को जोशीमठ पुहंचे, जहां उन्होंने ग्राउंड जीरो हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यहां प्रभावितों से बातचीत की और उन्हें सभी तरह की सहायता का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना उनकी पहली प्रथामिकता है। इसके साथ ही सीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। वही जोशीमठ-मलारी चीन सीमा सड़क पर भी दरारें पड़ गई हैं। मुख्यमंत्री ने इससे पहले जोशीमठ के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट ली। शुक्रवार को उन्होंने जोशीमठ में हो रहे भू धंसाव मामले में एक उ%चस्तरीय बैठक भी बुलाई थी।

एसआईए ने जमात-ए-इस्लामी की संपत्तियां कुर्क की

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शनिवार को प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने दक्षिण कश्मीर में विभिन्न स्थानों पर जमात-ए-इस्लामी से जुड़ी और संपत्तियों को कुर्क किया। अधिकारियों ने कहा कि एसआईए ने अनंतनाग जिले के सिरहामा, विड्डी श्रीगुफवारा, अरवानी और मुख्य शहर कुलगाम में संपत्ति कुर्क की गई है। संपत्तियों में एक दो मंजिला घर, 7 मरला भूमि, 56 कनाल कृषि भूमि, 2 कनाल 7 मरला भूमि, 3 कनाल 4 मरला भूमि और 1।5 कनाल भूमि शामिल है। अधिकारी ने कहा कि एसआईए द्वारा एक मामले की जांच के सिलसिले में संपत्तियों को जब्त किया गया।

फ्लाइट में महिला पर पेशाब करने वाला आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली (एजेंसी)।

दिल्ली पुलिस ने एअर इंडिया की उड़ान में महिला सहयात्री पर कथित तौर पर पेशाब करने वाले व्यक्ति को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया ।

पुलिस ने आरोपी शंकर मिश्रा को शनिवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने शंकर मिश्रा की तीन दिन की पुलिस हिरासत की मांग की थी। पटियाला हाउस कोर्ट में मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अनामिका ने पुलिस की ओर से दी गई तीन दिन की पुलिस हिरासत की अर्जी को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पुलिस हिरासत सजा नहीं है। पुलिस की 3 दिन की पुलिस कस्टडी की मांग पर जज ने कहा कि पुलिस कस्टडी क्यों, जुडिशियल कस्टडी भी दी जा सकती है। इस पर पुलिस ने कहा कि ये जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। सात दिन की छुट्टी लेकर मुंबई जाने की बात इनके ऑफिस से पता चली। एक टीम मुंबई गई, लेकिन ये वहां नहीं मिले,

कोर्ट ने कहा कि पुलिस कस्टडी की क्या ज़रूरत है, सारी बातें सामने हैं। अदालत ने कहा कि सिर्फ जनता के दबाव के कारण, ऐसा मत करो, हम कानून के अनुसार चलेंगे। ये रिमांड का चरण है। वह जांच में शामिल हो गए हैं, तथ्यों को रिकॉर्ड में आने दीजिए।

पुलिस हिरासत कोई सजा नहीं है, पुलिस हिरासत के लिए एक कारण है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकीलों ने अदालत को बताया कि एअर इंडिया के चालक दल भी इस मामले में शामिल थे और मिश्रा को पुलिस हिरासत में भेजने के लिए कहा क्योंकि वह जांच में शामिल नहीं हो रहे थे ।

संघ को कुछ लोग बिना जाने मान लेते हैं पैरामिलिट्री ऑर्गनाइजेशनः भागवत

पणजी (एजेंसी)।

आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत गोवा के दौरे पर हैं, उनका शनिवार को राज्य में आखिरी दिन था। इसी बीच उन्होंने संघ को लेकर कहा कि कुछ लोग गलत जानकारी फैला रहे हैं।

सरसंघचालक मोहन भागवत ने शनिवार को गोवा में कहा, बिना जाने कुछ लोग संघ को पैरामिलिट्री ऑर्गनाइजेशन मान लेते हैं, लेकिन ये संघ का रूप नहीं है। हम सब मिल कर देश में सेवा कार्य चलाते हैं, आज समाज में बहुत से लोग आरएसएस से जुड़े हैं।

कुछ विरोध भी करते है तो कुछ तटस्थ भी हैं। इस सबके बाद भी हमें सबको जोड़ना है। सबका सुख ही जीवन का लक्ष्य रहता है । इसके आगे उन्होंने



कहा कि समाज की इम्युनिटी कम हो गई है, इसलिए इसे कोई भी वायरस प्रभावित कर सकता है। आरएसएस के सुनील आंबेकर ने बताया था कि सरसंघचालक मोहन भागवत गोवा के दौरे पर समन्वय बैठक को लेकर आए हैं।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत जनवरी 19 से जनवरी 24 तक पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे।

स्पेशल खबर केजरीवाल की एलजी को एक और पत्र लिखा....

कई मामलों में सरकार की अनदेखी करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)।

दिल्ली के उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार के बीच एक बार फिर से ठन गई है। एलजी विनय सक्सेना की ओर से 10 एल्डरमेन पार्षद और पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए जाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का जारी है।

एलजी कार्यालय की ओर से जारी बयान के बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उपराज्यपाल को एक और पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने एलजी पर राज्य सरकार की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। एलजी पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि संविधान का सम्मान करें और

केजरीवाल ने लिखा कि भारत की चुनी हुई सरकार को दिल्ली के 2 करोड़ लोगों के सपनों को पूरा करने दें । सीएम केजरीवाल ने कहा कि उपराज्यपाल ने गलत तरीके से एमसीडी में 10 सदस्यों को नामित कर दिया, जबकि अब तक दिल्ली सरकार सदस्य नामित करती थी। राजधानी दिल्ली में संविधान के मुताबिक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है, लेकिन शासन में अजीब चीजें हो रही हैं। संविधान के मुताबिक तीन आरक्षित विषयों (पुलिस, सार्वजनिक व्यवस्था और भूमि) को छोड़कर अन्य सभी विषयों पर कार्यकारी नियंत्रण निर्वाचित सरकार के पास होता है। माननीय उपराज्यपाल का तीन आरक्षित विषयों पर कार्यकारी नियंत्रण है।

चुनाव आयोग की टीम अगले हफ्ते तीन पूर्वोत्तर राज्यों का दौरा करेगी

अगरतला । (एजेंसी)। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयोग की टीम 11 जनवरी से पूर्वोत्तर के तीन राज्यों का चार दिवसीय दौरा करेगी, अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी गिट्टे किरणकुमार दिनकरराव ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त, दो चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल और कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 11 जनवरी को त्रिपुरा पहुंचेंगे।

अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान, सीईसी और अन्य दो ईसी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की जांच करने और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने के लिए राज्य के अधिकारियों को निर्देश देने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई बैठकें करेंगे। चुनाव आयोग सभी राजनीतिक दलों से भी मुलाकात करेगा ।